Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No 12 Date 3.6.21

संघ के कोषाध्यक्ष श्री सुनील कुमार तिवारी द्वारा वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 में संघ के कुल सदस्यों 1250 (लगभग) से प्राप्त सदस्यता (वार्षिक) शुल्क एवं आर्थिक सहयोग शुल्क का नामवार/कोटिवार आंकड़ा काफी परिश्रम के बाद तैयार किया गया है।

<u>इस प्रकार के आंकड़ो को तैयार करने का लक्ष्य निम्न प्रकार है :–</u>

(क) वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं माह मई 2021 तक के आय–व्यय का ब्यौरा केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष दिनांक 06.06.2021 को निरीक्षणार्थ एवं अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया जा सके।

(ख) संघ का कोई भी सदस्य अपने योगदान राशि का सत्यापन कर सके।

(ग) आय के स्थायी स्त्रोत के आधार पर आगामी कार्य–योजना बनाई जा सके।

(घ) वैसे सदस्यों की जानकारी प्राप्त की जा सके जो न तो कभी नियमित वार्षिक शुल्क और न ही किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग संघ को दे रहे हैं।

(ड.) मतदाता सूची तैयार की जा सके (जिन सदस्यों का वार्षिक शुल्क बकाया है, उन्हें बासा उपविधि के प्रावधान के आलोक में उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित किये जाने पर विचार किया जा सके)

वार्षिक शुल्क एवं आर्थिक सहयोग के आंकड़ो से निम्न रोचक तथ्य प्रकाश में आया है;

वित्तीय वर्ष	औसतन कुल सदस्य	वर्षिक सदस्यता शुल्क/आर्थिक सहयोग देने वाले सदस्यों की संख्या एवं प्रतिशत	वर्षिक सदस्यता शुल्क/आर्थिक सहयोग नहीं देने वाले सदस्यों की संख्या एवं प्रतिशत
2019–20	1250	652–52.16 %	598–47.84%
2021–22	1250	230–18.40%	1020–81.60%
2021–22	1250	283–22.64%	967–77.36%

1. संघ के 500 से अधिक सदस्यों द्वारा विगत तीन वर्षों में कोई वार्षिक सदस्यता शुल्क अथवा आर्थिक सहयोग संघ को नहीं दिया गया है।
2. संघ के अधिकांश सदस्यों द्वारा किसी सदस्य के साथ अप्रिय घटना की परिणति स्वरूप ही अधिकांश सहयोग दिया जाता है। फरवरी 2020 एवं मई 2021 में ही 90% से ज्यादा सहयोग प्राप्त हुआ है। शेष अवधि में सहयोग प्राप्त नहीं होता है।

जिस संघ के लगभग 80% सदस्य नियमित रूप से आर्थिक सहयोग अथवा वार्षिक सदस्यता शुल्क न दे तो संघ की आर्थिक स्थिति की कल्पना की जा सकती है।

अपील

1. अपना–अपना बकाया वार्षिक सदस्यता शुल्क जिला यूनिट के माध्यम से अथवा संघ भवन कार्यालय में प्राप्ति रसीद प्राप्त कर यथाशीघ्र जमा कराने की असीम कृपा करेंगे।
2. वैसे सदस्य जो Mandate के माध्यम से वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कर रहे है, उनके लिए विशेष कल्याण योजना की तैयारी की जानी है, जिस पर 06.06.2021 को समुचित निर्णय लिया जायेगा।
3. सभी सदस्यों से अनुरोध है कि Mandate के माध्यम से सदस्यता शुल्क (वार्षिक) जमा करने को प्राथमिकता दें। जो सदस्य Mandate के माध्यम से वार्षिक सदस्यता शुल्क दे रहे है, उन्हें नयी योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।
4. ''संघे शक्ति युगे–युगे'' तभी चरितार्थ होगा जब नेतृत्व सदस्यों के हित एवं कल्याण के साथ समर्पित हो तथा सदस्य दिशावान एवं अनुशासित होकर आदर्श प्रस्तुत करें।

(अनिल कुमार) (सुनील कुमार तिवारी) (शशांक शेखर सिन्हा)

Disclaimer :

वित्तीय वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 में कुछ जिला इकाई / कुछ सदस्यों द्वारा दी गई राशि किसने दी है चिन्हित नहीं हो पा रहा हैं। इसके कारण उन्हें Suspense Account में रखा गया है, जिसकी विवरणी Date Wise Statement के साथ सूची अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। कृपया इसकी जानकारी अध्यक्ष / महासचिव / कोषाध्यक्ष को उनके मोबाईल 9431085120 पर दे सकते हैं।